Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to increase financial assistance for construction of a house under Pradhan Mantri Awas Yojana (Grameen).

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): भारत के ग्रामीण व पर्वतीय इलाकों में आज भी लाखों परिवार कच्चे मकान में रहते हैं। गांव में रहने वाले लोग गरीबी के कारण अपना पक्का मकान नहीं बना पाते हैं। वे अपना खुद का पक्का घर बनाना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे अपने पक्के घर का सपना पूरा नहीं कर पाते हैं और पूरी जिन्दगी कच्चे मकान में बिता देते हैं।

यह सभी देशवासियों के लिए गौरव की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश के सभी आवासविहीन लोगों को आवास सुलभ कराए जाने हेतु संकल्प लिया है, जो स्वागतयोग्य है और इसके लिए सभी देशवासी ऋषितुल्य यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हृदय से आभारी है।

केन्द्र सरकार ग्रामीण इलाकों में रहने वालों के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत डेढ़ लाख रूपए की अनुदान राशि देती है, जो महंगाई के इस दौर में बहुत ही कम है। वर्तमान में मकान निर्माण में लगने वाली सामग्री- ईंट, पत्थर, सीमेंट, रोड़ी, रेत, बदरपुर, लोहा इत्यादि सभी की कीमतों में तेजी आ चुकी है और यह सामग्री शहर से गांवों में लानी होती है, इसके लाने-ले जाने के भाड़े भी काफी बढ़ चुके हैं।

अत: इस संबंध में, मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत दी जाने वाली अनुदान राशि को ढाई लाख किए जाने हेतु निर्देशित करें, ताकि ग्रामीणों के लिए सरलता से आवास निर्मित हो सके और वे केन्द्र की योजना का भरपूर लाभ उठा सके।